याद रखें

- मैमोग्राम कैंसर को नहीं रोकते हैं, लेकिन वे इसका पता लगा सकते हैं।
- मैमोग्राम करवाने से स्क्रीन (जाँच) करवाने के समय मौजूद ज्यादातर कैंसरों का पता चल जाता है, लेकिन लगभग 10 प्रतिशत स्तन कैंसर का पता नहीं चल पाता है।

स्तन कैंसर के संभावित लक्षण निम्नलिखित हैं:

- स्तन या बगल में एक नई गांठ
- स्तन के आकार या माप में परिवर्तन
- स्तन की त्वचा में बदलाव जैसे कि गड्ढे पड़ना, सिकुड़ना या मोटा होना
- निप्पल में बदलाव जैसे कि अंदर की ओर मुड़ना, अल्सर (घाव) या नई खुजली
- निप्पल से रिसाव या खून बहना
- लगातार बनी रहने वाली लालिमा
- स्तन में दर्द जो ठीक नहीं होता।

हालांकि ये लक्षण स्तन कैंसर के संकेत नहीं भी हो सकते हैं, लेकिन यह ज़रूरी है कि स्तन में होने वाले नए बदलावों की जाँच आप अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा जल्द से जल्द करवा लें।

यदि आज आपका मैमोग्राम दर्दनाक रहा, तो यह जरूरी है कि अगले मैमोग्राम के लिए आने से पहले ब्रेस्टस्क्रीन आओटियारोआ के कर्मचारियों से बात कर लें। वे अगली बार इसे और अधिक आरामदायक बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

आज की आपकी मुलाकात के बारे में आपकी किसी भी टिप्पणी का हम स्वागत करते हैं और आपको प्रोत्साहित करते हैं कि आप इस कार्यक्रम के बारे में अपने मित्रों को बताएं। हम उम्मीद करते हैं कि दो साल में फिर आपसे मुलाकात होगी।

Scan the QR code to access available translations of BSA brochures into languages other than English and formats including Braille, audio, Large Print, Easy Read and NZSL.

Time to screen BreastScreen Aotearoa

Health New Zealand
Te Whatu Ora

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

This resource is available from **healthed.govt.nz** or your local Authorised Provider. Revised September 2026. **HE10117-HIN**



Time to screen BreastScreen Aotearoa

हिन्दी (Hindi)

अब जब आपका मैमोग्राम हो चुका है

TimeToBreastScreen.nz

BreastScreen Aotearoa (ब्रेस्टस्क्रीन आओटियारोआ) में भाग लेने के लिए आपका धन्यवाद। आप सोच रही होंगी कि आगे क्या होगा। इस पैम्फलेट (पुस्तिका) में प्रक्रिया का विवरण दिया गया है।

आपके मैमोग्राम की सावधानीपूर्वक जाँच दो विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट (मैमोग्राम पढ़ने में विशेषज्ञता रखने वाले डॉक्टर) द्वारा की जाएगी। अगर इस कार्यक्रम में आपके पहले के मैमोग्राम हैं, तो किसी भी बदलाव की जाँच करने के लिए तुलना की जाएगी।


आपके परिणाम 3 सप्ताह के भीतर सीधे आपको भेज दिए जाएंगे। इन्हें आपके डॉक्टर या हाउओरा (स्वास्थ्य अथवा भलाई के लिए माओरी शब्द) प्रदाता को भी भेजा जाएगा, जब तक कि आप हमें अपनी अपॉइंटमेंट (मुलाकात) पर यह न बताएं कि आप नहीं चाहती कि ऐसा हो। अगर आपके रिजल्ट (परिणाम) नहीं आते हैं तो कृपया **0800 270 200** नंबर पर मुफ्त फोन करें।

जब आपकी अगली स्क्रीनिंग का समय आएगा, तो आपको ईमेल, टैक्स्ट या पत्र के माध्यम से एक सुरक्षित व्यक्तिगत बुकिंग लिंक के साथ आमंत्रण भेजा जाएगा।

अधिकांश महिलाओं के लिए यह 2 साल में होगा। विस्तारित स्क्रीनिंग आयु सीमा के कारण कार्यक्रम में दोबारा शामिल होने वाली 70 से 74 वर्ष की महिलाओं के लिए यह स्थिति अलग हो सकती है।

70 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए स्तन जाँच के बारे में अधिक जानकारी **TimeToBreastScreen.nz** पर प्राप्त करें।





नियमित रूप से जाँच कराना जरूरी है ताकि किसी भी बदलाव का जल्द पता चल सके, जब उनका इलाज करना आसान होता है।

कभी-कभी हमें आपके एक्स-रे में कुछ ऐसा दिखाई देता है जिसे और बारीकी से देखने की जरूरत होती है। यदि आपको आगे की किसी भी जाँच के लिए वापस आने की जरूरत होगी तो आपको अधिक जानकारी दी जाएगी। याद रखें, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको स्तन कैंसर है, बल्कि इसका मतलब सिर्फ यह है कि अधिक जानकारी की जरूरत है।

यह आपकी इच्छा है

स्तन कैंसर की जाँच के लिए नियमित मैमोग्राम करवाना चाहिए या नहीं, यह आपकी इच्छा है। आप किसी भी समय इस कार्यक्रम से बाहर निकल सकती हैं। जब तक आप एलिजिबल (पात्र) रहती हैं, आप किसी भी समय फिर से जुड़ सकती हैं।

अगर आप प्रोग्राम में हिस्सा नहीं लेना चाहतीं, तो भी आप या आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता किसी दूसरी सेवा से आपका मैमोग्राम करवा सकते हैं, लेकिन हो सकता है वे मुफ्त न हों, और परिणामों को ब्रेस्टस्क्रीन आओटियारोआ के पास रिकॉर्ड नहीं किया जाएगा।

सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करना इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी है। यदि आपको कभी भी प्राप्त देखभाल से असुविधा या असंतुष्टि महसूस हो, तो कृपया हमें बताएं। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप नियमित रूप से मैमोग्राम करवाने के लिए आती रहें, क्योंकि यदि कोई समस्या होती है तो हम उसे ठीक करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

आप अपने अधिकारों के बारे में अधिक जानकारी यहाँ प्राप्त कर सकती/ सकते हैं **hdc.org.nz/your-rights**